मूल्य रु. ५-००

श्री स्वामिनारायण

मासिक

प्रकाशन दिनांक प्रत्येक महिने की ११ तारीख सलंग अंक १३८ अक्टूबर-२०१८



कालुपुर मंदिर में झलझिलणी एकादशी के पावन दिन पर श्री गणपतिजी की शोभायात्रा

प्रकाशक : श्री स्वामिनारायण मंदिर अहमदाबाद-३८०००१.

(१) एडमिन्टन (केनेडा) मंदिर के पाटोत्सव अवसर पर सभामें दर्शन देते हुए प.पू. आचार्य महाराजश्री। (२) विल्सडन (यु.के.) मंदिर के संत स्मृति कथा के अवसर पर प.पू. आचार्य महाराजश्री की आरती उतारते संत-हरिभक्त। (३) कार्डिफ (यु.के.) मंदिर के पाटोत्सव के अवसर पर ठाकोरजी का अभिषेक करते हुए संत। (४) लेस्टर (यु.के.) मंदिर में जन्माष्टमी के अवसर पर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाते हुए संत एवं हरिभक्त। (५) न्युयोर्क (अमेरिका) मंदिर में गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर श्री गणपतिजी का पूजन करते हुए हरिभक्त यहाँ पर जन्माष्टमी उत्सव भी बड़े धामधूम से मनाया गया। (६) करांची (पाकिस्तान) स्थित हमारे श्री स्वामिनारायण मंदिर में जन्माष्टमी और गणेश चतुर्थी के उत्सव बड़े उत्साह से मनाये गये। (७) पारसीपनी (अमरिका) मंदिर में जलझीलणी एकादशी के दिन श्री गणपतिजी की शोभायात्रा का दर्शन।

श्री स्वामिनारायण

श्री नरनारायणदेव पीठस्थान मुखपत्र
वर्ष - १२ ● अंक : १३८
अक्टूबर-२०१८

संस्थापक
श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति
प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री १००८
श्री तेजेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री
श्री स्वामिनारायण म्युजियम
नारायणपुरा, अहमदाबाद.
फोन : २७४९९५९७ ● फोक्स :
२७४१९५९७
प.पू. मोटा महाराजश्री के संपर्क के लीए
फोन : २७४९९५९७
www.swaminarayanmuseum.com

श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति
प.पू.ध.धु. आचार्य १००८
श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्रीकी
आज्ञा से
तंत्रीश्री
स.गु. शास्त्री स्वामी हरिकृष्णदासजी (महंत
स्वामी)

पत्र व्यवहार
श्री स्वामिनारायण मासिक कार्यालय
श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर,
अहमदाबाद-३८० ००१.
मो. ८२३८००१६६६
मो. ९०९९०९८९६९
magazine@swaminarayan.in
www.swaminarayan.info

पतेमें परिवर्तन के लिये
E-mail : manishnvora@yahoo.co.in
मूल्य - प्रति वर्ष ५०-०० ● प्रति कोपी ५-००

अ नु क्र म णि का

०१.	अस्मदीयम्	०४
०२.	प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के कार्यक्रम की रुपरेखा	०५
०३.	झूला उत्सव	०६
०४.	हे वर्णीवेष धारी रक्षा करो	०८
०६.	दया के सागर श्रीहरि	१०
०६.	श्री स्वामिनारायण म्युझियम के द्वार से	१२
०७.	सत्संग बालवाटिका	१६
०८.	भक्ति सुधा	१९
०९.	सत्संग समाचार	२१

अस्मदीयम्

श्री स्वामिनारायण मासिक के सर्वे पठन करने वाले श्रीहरि के प्रेमी हरिभक्तो विद्वतवर्य लेखक महोदय और कीसी भी प्रकार से अपने इस सामायिक के साथ जुडने वाले सभी को हमारे नूतन वर्ष का सह प्रेम जयश्री स्वामिनारायण। इसके बाद का नवम्बर को अंक आपको सुंदर अलौकिक केलेन्डर स्वरुप में प्राप्त होगा।

हमने पूरे वर्ष के दरम्यान इस लोक के कारण अर्थ उपार्जन आदि बहुत कुछ किया होगा जो व्यवहारिक में जरुरी है और इस के लिए धंधा-नोकरी और किसानो को खेती करनी पडे।

इस सब के बाद जीव के लिए के लिए जो करना है वो कितना किया वो बहुत जरुरी है। आप को कितने पुण्य के प्रताप से यह महामूल्यवान मनुष्य अवतार मिला है और इस वह संप्रदाय में जन्म मिला है उन के भाग्य का उद्धार हो गया। अपने को जो मिला है वो किसी को भी नही मिला है। अनंत कोटी ब्रह्मांड के अधिपति सर्व अवतार के अवतारी श्री स्वामिनारायण भगवान की प्राप्ति हुई है जिससे हमको तो बहुत बडी प्राप्ति हुई है जिस से उसे हमारे ईष्टदेव में उस स्वरुप में अपनी निष्ठा द्रढ होनी चाहिए दूसरी सब भगवान माफ करते है पर स्वरुप निष्ठा में खामी होगी तो नही चलेगा इस लिए इस का खास ध्यान रखना है।

पुरुषोत्तम नारायण ये सर्वकर्ता है, सर्व कारण है, सर्व नियंता है अति स्वरुपवान है अति तेजस्वी है अति समर्थ है और 'कर्तुम कर्तुम न्यथाकर्तु' समर्थ है, यह जो अपनी ईच्छा में आवे तो यह अक्षरधाम में रहनेवाले जो मुक्त के सर्वे के अपने तेज से लीन करके स्वयं एक ही बिरामजान रहे और जो अक्षरधाम में खुद ही रहे हे वै अक्षर को भी लीन करके खुद ही स्वरुप होई अकेले ही बिराजमान रहे, और अपने मन में आवे तो ये अक्षरधाम के बिना भी अनंतकोटि मुक्त के खुद को ऐश्वर्य करके धारण करने का समर्थ है(व.लोया-१२)

संपादकश्री (महंत स्वामी)
शास्त्री स्वामी हरिकृष्णदासजी का
जयश्री स्वामिनारायण

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के कार्यक्रम की

रुपरेखा

(सितम्बर-२०१८)

६-७-८	केनेडा में सास्काटोन में नूतन श्री स्वामिनारायण मंदिर का भूमि पूजन प्रसंग पर पधरामणी।
८	श्री स्वामिनारायण मंदिर रजाइना का केनेडा पाटोत्सव प्रसंग पर पधरामणी।
९	श्री स्वामिनारायण मंदिर एडमिन्टोन केनेडा पाटोत्सव प्रसंग पर पधरामणी।
१० से १३	लंडन विल्सडनलेन श्री स्वामिनारायण मंदिर संत स्मृति कथा पारायण प्रसंग पर पधरामणी।
१८	श्री स्वामिनारायण मंदिर चलोडा (धोलका देश) पधरामणी।
२०	श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर जलझिलणी एकादशी के श्री गणपितजी के वरघोडा में पधारे।
२१	श्री स्वामिनारायण मंदिर वडु पदयात्रा प्रसंग पर आशीर्वाद देने में पधरामणी।

प.पू. लालजी महाराजश्री के कार्यक्रम की रुपरेखा

(सितम्बर-२०१८)

२०	श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर जलझिलणी एकादशी के श्री गणपितजी के वरघोडा में पधारे।

झूला उत्सव

हिंडोळा उत्सव

- साधु पुरुषोत्तमप्रकाशदास (जेतलपुरधाम)

परात्पर परब्रह्म लीला पुरुषोत्तम भगवान श्रीकृष्ण गोकुल-वृंदावन में ग्यारह वर्ष निवास करके जन्मो जन्म भगवान का दिव्य सुख मनुष्य के रुप में प्राप्त करने आतुर भक्तो - मुक्तो को मनोरथ शुभ कामनाओ जो - जो संकल्पो में बाकी अधुरा रहा होता है जिसने जन्मो जन्मो से प्रतीक्षा कर रहे पूर्वे जो जो अवतार स्वरुप या किसी में भी रहे दिए हुए वरदानो को पूरा करने तथा खुद के धाम अति प्रिय भक्त-पार्षदोनी पंक्तियो से मिलने वाली कामनाओ वाले समस्त मुक्त आत्माओं में श्रीहरि प्रकट है पूर्व वज्रवासी मनुष्य के रुपमें गोप-गोपाल, गोपीयो, गाय, गोवल, वनवेली, लगा पशु, पक्षी किट वितपियो के शरीर में जिसने जैसा जन्म लिया अवसर प्राप्त हो वैसे-वैसे शरीर धारण करके श्रीजी की सेवो मां शामिल होकर प्रभु को पाने के लिए मिलने के लिए सेवा में प्रतीक्षा करते भक्तो-मुक्तो खुद का स्थान पकड कर सुख मिलने वाली समय की राह देखते रहे। वासुदेव - देवकी, नंद-यशोदा के पुत्र के रुप में उसमें सम्मान करके खुश किया। के मखन लीला और रास लीला के माध्यम से गोपीयो के अरमान पर को यमुना स्नान करके महाराणी यमुनाजी की सेवा अंगीकार करी। और इस के नियमित व्रज कुमारीयों ने गायो और गौत्सव के गायो को चराने का न्याल किया। हरेक को शिक्षा और दीक्षा दी।

अब परमात्मा के दिव्य सानिध्य के स्पर्श सुखी बंधित जो व्रजभूमि को बारावन चौबीस उपवन तथा गिरीराज पर्वत के समीप एक सो बतीस वन और छियान्वे प्रकार के वृक्ष वेली लता के शरीर में रहे भक्तो की मनोकामना पूर्ण करने में एकबार पवित्र श्रावण महीने में जब वर्षाऋतु में मेघराजा की महेरबानी से वन उपवन में रहे पेड जिसमें रणछोड का वास है ऐसे तरुवर के शरीर धारण मुक्तो और सोलाह कलाओं से संपन बन कर मंद सुगंधको पवन देव द्वारा श्रीजी प्रभु तक पहुंचा के मानो ठाकुरजी को बुलाने का हुंकार संदेश देने लगे थे। तब महा प्रभुने उनकी कोटी-कोटी जन्म जन्मान्तर की कामनाओं को पूरी करने श्रावण-महीने में एक ऐसी लीला करी की गोपीयों के श्रीजी बाल प्रभु ने छः वर्ष की उम्र में पहुंचे। तब उस समय गोपीओं ने कहा वन उपवन में बहुत सुंदर प्रकृति खील उठी है। फूल अपनी सुगंधफैला कर आपकी प्रतीक्षा कर रहे है एसा लग रहा है। और वन में कितनी सखीयो के साथ श्री स्वामी पधारे है।

ऐसे मनमोहक मीठे-मीठे वचनों - प्रलोभ का प्रवचन करती गोपीयों ने श्रीजी के साथ वन में चली गई। लता बहुत की सुंदर कदम के पेड की घटा से सुशोभित पेडोकी डालीयो से श्री स्वामीने एक झूला बना कर रखा है। उस झूले को बन उपवन में रहे फल फूल पान

रंग-बिरंगे रंगो के साथ रंग वृक्ष वेली लता की शाखा का पुष्पों में एक-दूसरे के आधार पर एक दूसरे से जुड कर शोभा बढ़ाई है । गोपीया को झूले में बाल प्रभु को पकडकर बिराजमान किया और पुष्पों के साथ भगवान को तरह-तरह के फूल को सजावट की मस्तक पर फूलो का मुकुट रखा । कान के कुंडल, बाहों के बाजु बंधचरण में पायल के अलंकार को धारण करके श्रीहरि की सजावट की तब शंख की घंट नाद की साथ युगल स्वरुप में (श्री कृष्ण-राधाजी) को रखा खुद की युगल उपासना की पुष्टि करके झूलाने लगी तो दिव्य दर्शन करके वन-उपवन में पक्षीयों की आवाज गूंजन करते सूर में सूर मिलाने लगी । ऐसा तो दिव्य आनंद प्रभु ने दिया की शरीर और जगत तो भूल गया है । मनोहर मूर्ति और खुद की सेवा का आनंद मात्र क्षणिक को हो पर उसके बदले में सारे ब्रह्मांड का सुख न आए । ऐसा करते संध्या जंगल तथा श्रीजी और स्वामी की युगल स्वरुप अदृश्य होने पर झूला उत्सव पूर्ण हुआ । गोपीयों का मूल शरीर तो घर पर ही था । दिव्य शरीर श्रीहरि को झूला देने की सेवा में आयी थी ।

दूसरे दिन भी जंगल वन उपवन में झूला उत्सव का आयोजन हुआ । जो वन में रहे वृक्ष वेली लता को अवसरो देने पर आपका भिन्न-भिन्न वन उपवन में झूला उत्सव का आयोजन हुआ श्रावण के बत्रीस दिन पर्यन्त झूला उत्सव हुआ । उसमें युगल स्वरुप (श्रीकृष्ण श्री राधाजी) ने अर्पण युगल उपवन में सेवा-भक्ति-दर्शन सुख को वे झूले के उत्सव व्रज में आयोजन है । ये उत्सव कुल बत्रीस दिन आयोजन हुआ । व्रज लीलाओ में श्री राधाजी ने श्री दामा का श्राप होने से श्रीजी के सानिध्य से सदा वंचित रही थी । हिंडोले (झूला) उत्सव में एक से एक मात्र ये उत्सव में व्रजवासीयों ने युगल स्वरुपी दिव्य सेवा को अलभ्य लाभ दिया । बत्रीस दिन में १६ दिन श्रीजी की भावना लाकर और १६ दिन श्री स्वामी राधाजी की भावना लाकर अर्पण करने में आती है ।

अपने सम्प्रदाय का व्रत के उत्सवों वैष्णव परंपरा के श्री श्रीमद् विट्ठलनाथजी की उत्सव रीती के अनुसार करने मे आता है । श्री ठाकुरजी ने हिंडालो का झूला उत्सव कहे तो वन महोत्सव की व्रज की लीला को प्रगट प्रत्यक्ष स्मृति उत्सव झूले तो श्रावण महीने में करने में आता है । उस झूले मे युगल स्वरुप मे अर्पण ही दो हाथो के स्तंभ को स्वरुप में श्री ललिताजी और श्री विशालाजी के स्वरुप हो झूले को नीचे बिछे आसान में श्री यमुनाजी महारानी की भावना हो भक्तों को हृदय नवपल्लवित अंकुरित फुलो से सजावट हो उसमें विभइन्न मनोहर से मनोरथ के फल-फुल पान आदि से कलात्मक झूले की सजवाट हुई । उन दिनों में बेनु नही मात्र झूले रखा जाता है । शंख - घंटनाद की झाल की ध्वनि के साथ श्री महाप्रभु मदनमोहन बिराजमान हो पवित्रा एकादशी के दिन वल्लभ संप्रदाय के भगवान श्री ठाकुरजी का जन्म दिन होता है उसे पुष्टिमार्ग का जन्म दिन कहा जाता है । उसकी स्मृति में युगल स्वरुप में दूसरे दिन पवित्र सूत के द्वारा निर्मित सूत्र माल (पवित्रा) के सजावट और झूले डाले में आते है । महाप्रभु को उन दिनो में माखन मिसरी का भोग लगाने में आता है ।

इस झूले उत्सव में इष्टदेव भगवान श्री स्वामिनारायण महाप्रभु के सत्संग में गढडा, वडताल, जेतलपुर, अहमदाबाद आदि धामो में झूले का उत्सव का आयोजन करने में आता है । उसमें सद्गुरु निष्कुलानंद स्वामीने बारह दरवाजो में झूला बनाकर उसमें श्रीहरि को अर्पण है । वो बारह स्वरुप धारण कर के प्रभु ने भक्तों को आनंद दिया था । जेतलपुर में अक्षर फुल वाडी में आसोपालव की डाली में सद्गुरु आनंदानंद स्वामी ने झूले बनाये में श्रीजी महाराज को झूलाया था । विशेष तो वृक्ष, वेली, लता का सरीर में प्रगट हुए भक्तो की सेवा में कामणा पूर्ण कर कर के उत्सव में झूला उत्सव कहा जाता है । परंतु आज काल तो बहुत से मंदिरो में यांत्रिक वस्तुओं, धातुओ में पात्र जैसी वस्तुओं श्रीजी का पवित्र झूला लटकाते है । तब उन्होंने श्री बाल प्रभु की व्रज की ''वनवासी महोत्सव'' झूला महोत्सव की कथा का हार्द जानने जरुरी है ।

झूले मे विराजमान युगल सरकार श्री महाप्रभु भगवान श्री कृष्ण राधाजी ने दर्शन करने वाले को यम लेने नही आते है सेवा करे अथवा झूला झूलाते है उनका कोटी जन्मो का पाप जलकर भस्म हो जाता है ।

हे वर्णीवेष धारी रक्षा करो

- शा. स्वा. निर्गुणदासजी (अमदावाद)

वंशस्थवृत्तम्

अथेकादा दिव्यतपास्तपंस्तस्विनां कौतुककारकर्मकः ।
यथेस्टयोगाय वने वसन्वशी स वर्णिवेषोऽवतु धर्मनन्दनः ॥१॥
नवीननीलाम्बुददिव्यविग्रहो जितेन्द्रियो योगकलासु कौशलः ।
कृषीकृतांगतपसा तपोधनः स वर्णिवेषोऽवतु धर्मनन्दनः ॥२॥
कटितटे पिंगलवर्णवेशलां नवीनमौंजीं दधदेवमेखलाम् ।
जटां दधानोऽथ शिरोरूहच्छटां स वर्णिवेषोऽवतु धर्मनन्दनः ॥३॥
सितोपवितां सततोऽटवीरुचितीव कौपीनपटं दृढं दधत् ।
विराजमानो मृगचारुचर्मणा स वर्णिवेषोऽवतु धर्मनन्दनः ॥४॥
दधच्चकण्ठे तनुतौलसीं स्त्रजं सनामपाणौ जपमालिकां तथा ।
सचन्द्रमध्योर्ध्वतमालपत्रकः स वर्णिवेषोऽवतु धर्मनन्दनः ॥५॥
तनूतरस्कन्धनिषक्तपुस्तको रतः सदा बालमुकुन्दपूजने ।
वनेचरैः सिद्धगणैस्तु सेवितः स वर्णिवेषोऽवतु धर्मनन्दनः ॥६॥
सर्सिहशार्दूलवराहवारणैर्महामृगैर्वेलगणैश्च संकुले ।
वनेऽपि धीरो विचरन्नभीतिकः स वर्णिवेषोऽवतु धर्मनन्दनः ॥७॥
सदात्मदर्शी फलकन्दभोजनो वने निवासो यदि दुःखदः खलु ।
तथाऽपि तत्रापि सुखो महामतिः स वर्णिवेषोऽवतु धर्मनन्दनः ॥८॥

इति श्रीयोगानन्दमुनि विरचितं श्रीधर्मनन्दनतपश्चर्या वर्णनाष्टकम् ॥

अथेकादा दिव्यतपास्तपंस्तस्विनां कौतुककारकर्मकः । यथेस्टयोगाय वने वसन्वशी स वर्णिवेषोऽवतु धर्मनन्दनः ॥१॥

योगानंद मुनि भगवान श्री स्वामिनारायण नीलकंठ नाम वर्णिवेष धारण करके पुल्हाश्रम में जो चार महिने पर्यन्त अति कठोर और उग्र तपश्चर्या कारी तब तप कितना उग्र और कठोर है की जिस को देख कर एक समय में पुल्हाश्रम में युगो की दिव्य शरीर धारण करके तप करते है बडे-बडे तपस्वीओंने भी अति-आश्चर्य होने लगा जिस से परस्पर एक दूसरे से पूछने लगे की ऐसा उग्र तप करने वाला है कौन ? ऐसे शब्दो को सुनकर अन्य तपस्वीओं ने भी कुतुहल आश्चर्य पूर्वक नीलकंठ वर्णि महाप्रभु ये महान तप में दिखने और विचारने लगे की ये कर्म कोई देव के मनु.य से ही हो सकता है, अपने जैसे तपस्वीओं को भी आश्चर्य में जल दिया ऐसे कार्य करने सामर्थी साधारण देख के मनुष्य में तो होगा ही नहीं बस लिए जरुर थे कोई खुद की इच्छा से ये महान योग की साधना करना स्वयं दिव्य शरीर धारण परमेश्वर हो ऐसा लगता है वो परब्रह्म परमात्मा भगवान श्री स्वामिनारायण धर्मदेव का पुत्र को रुप से प्रगट होकर तपस्वी जैसे वर्णि का वेष धारण करके वन में निवास करते प्रभु मेरे जप तप धर्म ज्ञान वैराग्य और भक्ति की रक्षा करो ।(१)

नवीननीलाम्बुददिव्यविग्रहो जितेन्द्रियो योगकलासु कौशलः । कृषीकृतांगतपसा तपोधनः स वर्णिवेषोऽवतु धर्मनन्दनः ॥२॥

अषाढ महीने के प्रातः काल में आकाश में छाऐ मेघाडम्बर जैसे श्याम वर्ण के दिव्य सुंदर मनोहारि मनुष्य शरीर धारण कर के खुद की सभी ईन्द्रियो पर जीत ने का

अष्टांग योग सिध्धकरने में कुशलता वाला योग की लीलाओ यम नियम आसन प्राणायम प्रत्याहार धारण ध्यान और समाधिके आठ अंग और आठ क्रियाओं की नेती धोती बस्ती कुंजर कपाल भाती शक्तिपात्र कुष्ठनीति और त्राटक ये क्रियाओ को करने में प्रविणता प्रात करने के लिए जिसने खुद का शरीर तप कर के एकदम कुश कर दिया है। अर्थात् ऐसा कठोर तप करा है। जिस से खुद के शरीर में मांस और रुधिर को सुखा कर दिया है केवल तप रुपी धन बाकी रखा है वो परब्रह्म परमात्मा भगवान श्री स्वामिनारायण धर्म देव के पुत्र के रुप में प्रगट होकर तपस्वी का जैसे वर्णि का वेष धारण कर के वन में निवास करते प्रभु मेरा जप, पतप धर्म ज्ञान वैराग्य और भक्ति की रक्षा करो।(२)

कटितटे पिंगलवर्णवेशलां नवीनमौंजीं दधदेवमेखलाम् ।
जटां दधानोऽथ शिरोरूहच्छटां स वर्णिवेषोऽवतु धर्मनन्दनः ॥३॥

श्रीहरि महाप्रभु के वर्णीवेष धारण करके खुद की कमर उपर मुंज नामक सुखा कर पीली हो गई धास की दर्म की मेखला बांधी है कमर बंधबांधा है नवीन ताजी सुंदर जनेऊ दारण कर के रखी है और जब से गृह त्याग किधा है तब से खुद के मस्तक का मुंडन किया नही उस से लंबी और काली मस्तक को शोभा देने वाली सुंदर जटा धारण करी है ऐसे तो परब्रह्म परमात्मा भगवान श्री स्वामिनारायण धर्म देव के पुत्र के रुप में प्रकट होकर तपस्वी जैसे वर्णि का वेष धारण करके वन में निवास करते प्रभु मेरा जप तप धर्म ज्ञान वैराग्य और भक्ति की रक्षा करो।(३)

सितोपवितां सततोऽटवीरुचितीव कौपीनपटं दृढं दधत् ।
विराजमानो मृगचारुचर्मणा स वर्णिवेषोऽवतु धर्मनन्दनः ॥४॥

शीतल शांत सफेद पवित्र और स्वच्छ धमठा धारण किया है। और सतत धने जंगल में अकेले ही विचरण करने मुझे बहुत अच्छा लगता है। ब्रह्मचर्य व्रतकी रक्षा के लिए कोपीन वस्त्र बहुत ही मजबूत कठोर कर के बाँधने की आदत है। तप करना और मंत्र जप करना सुंदर और श्रेष्ठ मृगचर्म उपर बिराजमान होकर नित्य कर्म और पूजा बिगर कर सकते है वे परब्रह्म परमात्मा भगवान श्री स्वामिनारायण धर्म देव को पुत्र के रुप में तपस्वी जैसे वर्णि का वेष धारण करके वन में निवास करते प्रभु मेरा जप तप धर्म ज्ञान वैराग्य और भक्ति की रक्षा करो।(४)

दधच्चकण्ठे तनुतौलसीं स्त्रजं सनामपाणौ जपमालिकां तथा ।
सचन्द्रमध्योर्ध्वतमालपत्रकः स वर्णिवेषोऽवतु धर्मनन्दनः ॥५॥

जगत को भले के लिए तपस्वी वर्णि जैसे वेष धारण कर के श्रीहरि मे खुद के कंठ में तुलसी के लकडीयों में से बनाई कंठी गले में धारण करी है और दाहिने हाथ में महामंत्र और नाम मंत्र का जप करने के लिए तुलसी की १०८ मनको वाली माला धारण कर के नामी सहित अखंड नाम का जप किया है खुद के विशाल भाल में कपाल में ऊर्ध्वपुंड्र तिलक चंदे को साथ किया है। ऐसा तो परब्रह्म परमात्मा भगवान श्री स्वामिनारायण धर्म देव के पुत्र के रुप में प्रगट होकर तपस्वी जैसे वर्णि का वेष धारण करके वन में निवास करते प्रभु मेरा जप तप धर्म ज्ञान वैराग्य और भक्ति की रक्षा करो।(५)

तनूतरस्कन्धनिषक्तपुस्तको रतः सदा बालमुकुन्दपूजने ।
वनेचरैः सिद्धगणैस्तु सेवितः स वर्णिवेषोऽवतु धर्मनन्दनः ॥६॥

पिता धर्मदेव और विद्वानपंडितो के पास से पढ कर जो आठ सत्शास्त्रो का सार का लेख लिखा है वो पुस्तक खुद के नित्य पाठ के लिए साथ रखे है उसको वस्त्र में छुपा कर कंठ मे गला के साथ बाँधरखा है। और दररोज सुबह में नित्य पूजा में बाल मुकुन्द की स्वरुप में पूजा करने लगे है वन में रहने वाले वन वासीओं वर्णि की ऐसी कठोर तपस्या का दर्शन कर के तो श्रीहरि की पूजा करने लगे है तुम्हे देखकर कितने मंत्र की साधना और अष्टांग योग के सिद्ध करने वाले सिद्धाक भी वर्णि की पूजा करने में जुड गए है। वो परब्रह्म परमात्मा भगवानश्री स्वामिनारायण धर्म देव को पुत्र के रुप में प्रगट होकर तपस्वी जैसे वर्णि का वेष धारण करके वन में निवास करते प्रभु मेरा जप तप धर्म ज्ञान वैराग्य और भक्ति की रक्षा करो।(६)

सर्सिहशार्दूलवराहवारणैर्महामृगैर्वेलगणैश्च संकुले ।
वनेऽपि धीरो विचरन्नभीतिकः स वर्णिवेषोऽवतु धर्मनन्दनः ॥७॥

(पेईज नं. ११)

दया के सागर श्रीहरि

- चंद्रकान्त मोहनलाल पाठक (गाँधीनगर)

तुम्हे कुछ कहना है ?

एक संत महाराज के पास गढपुर जा रहे थे उन्होने भगा दोशी से पूछा भगा दोशी की आँख में आंसू आ गए। उन्होने कहा मेने महाप्रभु से मिलने की बहुत इच्छा है परंतु ये बुखार शरीर में से जाता ही नही एसी बिजली, मेघगर्जना, बारिसे और यतके समय में किस प्रकार तुम महाराज को मेरा नमस्त कह के जय नारायण कहना।

संत ने गढपुर की बात पकडी झरमर झरमर बरसात चमकती बिजली और गरजते बादल ऐसे माहोल में श्रीहरि का स्मरण करते करते संत धीमे कदमो से चल रहे थे। हर जगह पानी भर गया था। गढपुर के बैठने की जगह पर जब नजदीक पहुंचे और दादा खाचर के दरबार दरवाजे पर आकर जंजीर से खटखट की वहाँ पर तो मुसलाधार बरसात जोरो-शोरो के साथ टूट पड़ा। भगत ने दरवाजा खोलकर संत को गले मिलकर जय स्वामिनारायण कहा संत ने भी सामने से जय स्वामिनारायण कहा प्रतिभाव दिया। भगत ने पूछा भगा दोशी क्या कर रहे है सभी परिवार कुशल है न ? संत ने कहा भगाभाई बुखार आया है। उतरता ही नही और मेरे साथ आने की बहुत इच्छा थी परंतु तालाब और बरसात के कारणो ऐसे असमर्थ थे। बिचारे की आँखो में आंसु आ गए।

अक्षरओरडी में श्रीहरि सोए हुए थे वे जग गए पेहेरा देते हुए भगुजी ने पूझा बाहर कौन बाते कर रहा है। भगुजी ने कहा एक संत अभी बोटाद से आए है वे। बात कर रहे है। महाराज ने कहा उन्हे यहाँ बुलाओ।

संत आकर दंडवत प्रणाम करने लगे श्रीहरि कहते है की महापुरुष ! कपडा बदल कर आओ भीजे कपडे में सर्दी हो जाएगी वो साधु कपडे बदलके आए तब महाराजने पूछा तुम बाहर क्या बात कर रहे थे।

संत ने कहा हे महाराज ! मैं ऐसी बात कह रहा था की भगा दोशी को मेरे साथ आपका दर्शन करने के लिए आने की बहुत इच्छा थी। परंतु बिचारे को बुखार आ जाता है बहुत ही दवा कराई पर बुखार उतरता ही नही भोजन खाते ही नही कमजोरी आ गई है फिर से बरसात बरसने लगा है उसमें वो किंस तरह आते ? बिचारे की आंख से आँसू आ गए मुझे कहते थे की मैं कक महाराज का दर्शन कर सकुंगा ?

बात सुनकर महाराजने भगुजी से कहा माणकी तैयार करो मैं बोटाद जा कर आवुं भगुजी ने दादा खाचर को जगाकर कहा के महाराज ऐसे तेज बरसाद में बोटाद जाने को तैयार हुए है।

दादा खाचर आकार कहने लगे की है महाराज ! ऐसे तेज बरसाद में जाने को रहने दो गली रास्तो में पानी नदी की तरह बह रहा है। रास्ते में भी पानी बहुत भर गया है आप पालकी में जाओंगे तो सर्दी हो जाएगी उस लिए

अभी जाने को रहने दो । सुबह बरसात धीमी हो जाएगी तो सुबह में चले जाना । सब लोगो ने बहुत समझाया पर फिर भी श्रीहरि खुद को निर्णय पे अटल रहे और कहा ना ना मुझे अभी ही जाना है । ऐसा कहते कहते उन्होने सिर पर पगडी रखी उपर बाँधी फिर मेरी चिंता करना नही मैं सुबह जल्दी आ जाऊँगा ऐसा कह कर चले गए ।

बोटाद पहुँचकर भगा दोशी के किवाड बजाए । भगत नेद रवाजा खोला और महाराज को देखा आश्चर्य चकित होकर भगा दोशी को कहा, भगाभाई देखो तो सही महाराज पधारे है । महाराज माणकी पर से उतरते है और अपनी बुफानी तथा पगडी माणकी पर रखकर भगा दोशी के पास आते है और पूछते है भगाभाई कैसे है ? बुखार नही उतर रहा ? भगा दोशी की आँख आंसुओ से भर आई । जबरन बैठने की कोशिष करते उन्होंने कहा, अरे मेरे बाप ! इतनी मुसलधार बारीश में आप यहाँ पधारे ! यह ऋण में कौन से जन्म में चुकाउगा । मेरे लिए आप कितने पहेशान हुए एसा कहते हुए बैठने की चेष्टा करते है लेकिन बैठ नही पाते ।

श्रीहरि बोले, भगाभाई आप सोते रहीए बेठने की जरुरत नही है । मैं बिलकुल परेशान नही हुआ । एसा कहकर महाराजने उसके सिर पर हाथ धुमाया और कहा आपका बुखार आज से गया । अब अच्छा हो जाएगा लेकिन गढपुर आना । जिस प्रकार आप मुझे याद कर रहे ते उसी प्रकार मैं भी आपको याद कर रहा था । आप बिमार हो यह खबर पाते ही मेरा मन आपकी मिलने बेचेन था इसीलिए मैं आपको मिलने आया । अब किसी प्रकार की चिंता नही करना सब ठीक हो जाएगा । लिजीए अब मुझे जाने की अनुमति दिजीए । गढपुर के भक्त मेरी चिंता कर हे होगे आप ठीक होकर गढपुर अवश्य आना । एसा कहकर श्रीहरि माणकी पर सवार होकर चलते बने तब भगा दोशीने सजल नयनो से कहा, हे महाराज ! पधारो बाप पधारना ।

श्रीहरि प्रातः गोपीनाथजी महाराज उठे उसके पहेल गढफुर पहोंच गए । बरसात भी रुक गया था ।

निज सुख अर्थे लोचन ही जब करत जगदीश
जन सुख अर्थे बियरत परमारथ पथ इश

अनु. पेईज नं. ९ से आगे

कार्य साख्यम् वा दहे यातमि का सिद्धांत मन में निश्चित कर रखा है, जिससे महा भयानक वन में जहाँ विकराल शेर भयानक बाधजंगलीमांसाहारी सुअर बडे बडे सिंग वाले हिरन, हाथी और भेडिओ के समूह वाले विस्तार में निर्भयतापूर्वक अकेले विचरण करते है और कभी भी अपनी इच्छा पूर्ति करने में सहायता रुपी धीरज का त्याग नही करते, हंमेशा भय होने के बावजूद धीरज का त्याग नही करते निर्भय रहते है । एसे वे परब्रह्म परमात्मा भगवान श्री स्वामिनारायण धर्मदेव की पुत्र के रुप में प्रगट होकर तपस्वी जैसा भेस धारण कर वनमें निवास करते प्रभु मेहेजब तप धर्म ज्ञान वैराग्य और भक्ति की रक्षा करे ।(७))

सदात्मदर्शी फलकन्दभोजनो वने निवासो यदि दुःखदः खलु ।
तथाऽपि तत्रापि सुखो महामतिः स वर्णिवेषोऽवतु धर्मनन्दनः ।।८।।

हमेशा सर्ध काल में स्वयं की आत्मा का चिंतन करते है । हमेशा फल, मुल और वृक्ष के पत्तो का आहार करते है । वन में रहना १३ मनुष् यके लिए अत्यंत दुःखदायक है फिर भी वर्णियज्ञ श्रीहरि को उसीमें आनंद आता है । वन में रहकर तपस्या करना और भगवान को खुश करना वही उनकी बुद्धी में है । एसै परब्रह्म परमात्मा भगवान श्री स्वामिनारायण धर्मदेव के पुत्र के रुप में प्रगट होकर तपस्वी की तरह वेष धारण करके वन में निवास करते प्रभु मेरे जप, तप, धर्म ज्ञान वैराग्य और भक्ति की रक्षा करो । (८)

श्री स्वामिनारायण म्युजियम

श्री स्वामिनारायण म्युजियम के द्वार से

श्रीहरि स्वाभाविक चेष्टा

– प्रो. हितेन्द्रभाई नारणभाई पटेल

भगवान श्रीहरिने मनुष्य तन धारण कर जो जो लीलाए की थी उनका अति सुंदर यशोगान संप्रदाय के समर्थ नंद संतो ने किया है। श्रीहरि की दैनिक स्वाभाविक चेष्टा के पदो का गान प्रतिदिन रात अवश्य रुप से प्रत्येक मंदिर में होता है। इस चेष्टा के पद के जो प्रेमानंद स्वामी रचित है – जो गरबी राग में गाए जाते है। उनका गान श्रीहरिकी मूर्ति का स्मरण करके प्रतीतिपूर्वक किया जाए तो उसका फल दशम स्कंधके पढने सुनने जितना प्राप्त होता है। ऐसा बड़े संत बताते है।

जिस प्रकार श्रीहरिने शिक्षापत्री की रचना संस्कृत में की बाद में उसका मर्म बनाए रखकर उसी शिक्षापत्री की रचना, ब्रह्मानंद स्वामी, निष्कुलानंद स्वामी आदि संतोने अन्य भाषा में रखी। जिससे जिस तिस प्रांतकी भाषा जानने वाले भक्तजनो को उसका पठन करने में समजने में सुगमता रहे। इसी प्रकार, प्रेमानंद स्वामी द्वारा रचित चेष्टा के पदोको ध्यान में रखकर ज्ञानानंद स्वामीने उसकी रचना हिन्दी भाषा में की है।

ज्ञानानंद स्वामी स्वयं हिन्दी भाषी थे। आदि आचार्यश्री अयोध्याप्रसादी के साथ अतिशय अनुराग प्रेम रखते थे और उनकी सेवा करते थे। स्वयं विद्वान होने के कारण चेष्टा के पदोका हिन्दी स्वरुप कीया जिसमें हिन्दी भाषी हरिभक्तो को अधिक सुगमता हो। इन पदोकी हस्त लिखित प्रत श्री स्वामिनारायण म्युजियममें सुरक्षित है। संप्रदाय के इतिहास में आज दिन तक अप्रकाशित रहे हुए इन पदो को प.पू. बड़े महाराजश्री की अनुमति से सभी को संप्रदाय के बौद्धिक विरासत का ध्यान रहे इस उद्देशय से यहाँ स.गु. ज्ञानानंद स्वामी की कृति शब्दसः प्रस्तुत की है।

राग रेखता पद-१

प्रगट हरिके में गुन गावे, चरन उर राखी चित्त लावे
महामुनि बसि करी मनको, ध्यान धरि रहत है जिनको ॥१॥
जिनोको भजत त्रिपुरारी, परम तप करत अविकारी
शेष नित रटत हे जिनको, पार नहि मिलत है तिनको ॥२॥
अगम करी निगम जसु गावे, जिनोको पार नहि पावे
सोई प्रभु फिरत तनु धारी, करत बहु चरित सुखकारी ॥३॥
हरिजीके चरति अधहारी, संभारत हे जे नरनारी
लगनमें मगन जे कोई, कहत ज्ञानानंद धन्य सोई ॥४॥

पद-२

जो प्रभुके चरित संभारे, अंतरमें मूरतिको धारे
सुनत सब दुख टरी जावे, व फरी भवमें नहि आवे ।१॥
चरित भगवतके अति भारी, कहकुं सुध होई मति मारी
सहज बेठत हरि जबही, तुलसी माला जपत तबही ॥२॥
तरक करी हसत वृषलाला, कोईककी मागी लेई माला
दोहरी करी द्वि द्वि मनि जोरे, जपत खेंचत माला तोरे ॥३॥
अलौकीक चरित अधहारी, सुनत चित्त देई नरनारी
लीला भगवतकी जीन गाई, कहत ज्ञानानंद सुखदाई ॥४॥

पद-३

बात करी तरकको करता, भेगी करी माला कर घसता
कोईक समे द्रग मुदि स्वामी, ध्यान धरी रहत है धामी ॥१॥
सुनो सब चरित भगवतको, सुनत सुख मिलत महाब्रतको
कोईक समे नयन ऊधारी, सबनको देखी सुखकारी ॥२॥
कोईक समे चमकत है स्वामी, निरखी दुख हरत बहुनामी
सभा आगे बैठी रही भारी, संत सब रहे है निहारी ॥३॥
ध्यान धरी बयठे है मुरारी, निरखी दुख मिटत हे भारी
संतजन भजनको गावे, कहत ज्ञानानंद सुख पावे ॥४॥

पद-४

निरखी हरिको चरित भारी, मगन सब संत नरनारी
तिनके संग चुटकी दई गावे, संत सब निरखी सुख पावे ॥१॥

कोईक समे गावे दई तारी, मगन होई फिरत बनवारी
संत आगे भजनको गावे, कथा आगे आप वचावे ॥२॥
आप करे वात सुखकारी, सुत देई चित्तन नरनारी
मनुष लीला बहु करत स्वामी, भक्त मध्ये बयठे बहुनामी ॥३॥
हरि समुजावे निजजनको, वचन कही सांत करी मनको
सांख्य योग शास्त्र सुनावे, रहस्य पंचरात्रकों कावे ॥४॥
मनुष सब देशके आवे, उछव पर पुजा बहु लावे
सेवक अपन जानि अविनाशी, ग्रहन करे पूजा सुखराशि ॥५॥
भक्त अपनेको भगवान, कराई ध्यान खेंचे नाडी प्रान
ध्यानमां ते उठावे निजजनको, कहत ज्ञानानंद धन्य तिनको ॥६॥

पद-५

देहमांही लावे ईन्द्रि प्रानको, वात करी समुजावे ज्ञानको
बयठे होये सभामें अविनाशी, कोईक जनने बोलावे पासि ॥१॥
हाथ अखियनसे करी सान, बोलावहि हितसे भगवान
मोहनके चरित सुखकारी, सुनत रहे मगन दुख टारी ॥२॥
कोईक वात करे संतन साथ, फुल मिंजे लई दोनु हाथ
सितल जानी हार गुलाबके, राखे द्रग उपरे दाबके ॥३॥
कोईक समे खुसीमां आवे, वात करी कथा वचावे
भजन सुनत कछु विचारे, कहत ज्ञानानंद उर धारे ॥४॥

पद-६

पूछनेको आवे जेमनेको कोई, चढावे हार पूजा करत कोई
कथा सुनते बिचमें बोलावे, तिनको बहु रिवजी रीसावे ॥१॥
मरम कथाको सुनत डोले, हरे हरे कहिके हसि बोले
कथा मिषे दुसरी क्रियामांई, जेमत हरे बोलाई जाई ॥२॥
समरति आवे आपको जबही, भक्त सामु देखी हसत तबहि
दिन दिन हरि सुख रस बरसावे, लीलाको जसु देखी संत गावे ॥३॥
सुनो सखी दिव्य मुरारी, चरित करे मनुष्य तनु धारी
मनोहर मोहन मन भायो, कहत ज्ञानानंद सुख पायो ॥४॥

पद-७

प्रगट किये चरित अतिभारी, देखत भये सुखित नरनारी
पलंग पर बयठे घनश्याम, विराजीत सुंदर सुखधाम ॥१॥
कोईक समे तखत विराजे, रुप देखी कोटी मदन लाजे
पलंग पर देखीके तकिया, उपर बयठे श्याम होये सुखिया ॥२॥
बहुत बेयठे तकीये पीठी दईके, जानु बांधी बयठे वसन लईके
कोईक समे राजी भगवान, मिलत हे श्याम सुजान ॥३॥
माथे धरे लई दोनो हाथ, छातिमां धरे पग दोनु नाथ
कऊको दियो हार गिरधारी, कहत ज्ञानानंद दुखहारी ॥४॥

पद-८

काऊको देवे चरन बनवारी, प्रसादी देवे काउको मुरारी
क्रपा करे भक्त पे स्वामी, वात करी समुजावे बहुनामी ॥१
चरित करे बहुत पवित्रकारी, गावे नित महामुनि संभारी
दांत बीच जीभको दबावे, दहिने बांये फेरवे सुभावे ॥२॥
छींक आवे तर्त वसन लेवे, छीक खात ते मुख पर देवे
तरक करीके हसत श्याम, हसावत सबको सुखधाम ॥३॥
कोईक समे वात करत देव, सुनत जन सब करत सेव
क्रपा बहु करत हे स्वामी, कहत ज्ञानानंद बहुनामी ॥४॥

पद-९

देखी दुख हरत हे जनको, परम सुख देत संतनको
कोईको दुख देखी दया लावे, अन्न धन देईके सुख पावे ॥१॥
क्रपा करी कही सुभग वानी, परम सुख देत जन जानी
दोउ कांधे वसनको धारी, चले मगजात विहारी ॥२॥
कोईक समे कर कमर धारी, चलत अति सोहत गिरधारी
विनोदिन लीला करी भारी, नीरखी तरी जात नरनारी ॥३॥
सहज सुभावे चले जावे, हेत करी सवन मन भावे
कोईक समे धोडे चढी जावे, कहत ज्ञानानंद मन भावे ॥४॥

पद-१०

संत सभामें जो हरि जावे, पीरसी करी संत जेमावे
बांये कांधे वसनको डारी, कमर कसी बांधे सुखकारी ॥१॥
पीरसे लाडु जलेबी घनश्याम, जेमनकी वस्तु लै तिनको नाम
फिरे बहुवार महाराजा, जेमावन संतनके काजा ॥२॥
भक्ति श्रध्धा बहुत पिरसता, देवे लाडु कोईके मुख हसता
राति रहे चारी घरी जबही, दतुनी करवा उठे हरि तबही ॥३॥
बयठी करी स्नान करे स्वामी, बहुत जल डाले बहुनामी
करत स्नान हरि जबही, देखत ज्ञानानंद नित तेही ॥४॥

पद-११

नाई करी खडे प्रभु होवे, वसनको करकरि निचोवे
सर्व तन पोछिके भगवान, पहिरे धोती श्याम सुजान ॥१॥
पिछोरी ओढी मखमलकी सारी, जेमनेको आवे सुंदर गिरधारी
पिछोरी ओढी बयठे हरि जेमवा, उधाडा करी कान मन गमवा ॥२॥
जेमत हरि जलेबी सारी, सुतरफेनी बरफी अधिक प्यारी

दुधपाक शीरापुरी ताजी, जेमत प्रभु होईके बहु राजी ॥३॥
जेमत बाँयो पग थिर धारी, उपर बाँयो कर धरे बनवारी
दहीनो पग राखी खडा श्याम, सोहत ज्ञानानंदको सुखधाम ॥४॥

पद-१२

सुखे जमे देवन के देव, वेराउवेर पानी पीवाकी टेव
भोजन कछु स्वाद जेमत आवे, पास बयठे हरिजन मनभावे ॥१॥
तिनोको देईके आप सोरवावे, जेमत प्रभु सबके मन भावे
जेमत हरि उडकारको खावे, उदर पर हाथ फिरावे ॥२॥
अचवन करे खडे होईके, दांत खोदे वदनको धोईके
पलंग पर बयठे भगवान, हरिजन देवे मुखमें विरिपान ॥३॥
केसरी चंदनको लई आवे, करत पूजा हरिजन भावे
दरशन करी पग लागी जावे, कहत ज्ञानानंद सुख पावे ॥४

पद-१३

मौंहन उपर पेंचको लईके, पगियाको बांधे सुंदर चित्त दर्दके
वरवारी तु सरद जब आवे, नदि धेला स्नान करन जावे ॥१॥
साथ हरिजन ले घनश्याम,नहावा जावे सुंदर सुखधाम
जलमें क्रिडा करत अति भावे, पानीमें तारी दई भजन गावे ॥२॥
स्नान करी वसनके धारी, घोडे चढी आवे गिरधारी
पवित्र जसु गावत जन आवे, प्रभुको देखी आनंदको पावे ॥३॥
गढपुरजन देखीके भगवान, सुफल करे लोचन मन प्रान
बिराजीत महोलमें आई, कहत ज्ञानानंद सुख पाई ॥४॥

पद-१४

मुमुक्षु जनके सुख काजा, प्रगट भये मोहन महराजा
धर्म घर धर्यो अवतार, किये बहु पतित भवपार ॥१॥
सभा करी बयठे भगवान, देत शिखावन जीवन प्रान
ज्ञान वैराग्य धर्म भक्ति, सिखावत सवनको विक्ति ॥२॥
बह्मरस वरसावे महाराज, त्रपत करि देवे सर्व समाज
वियारु करत सुखे श्याम, राति मही पोढत सुखधाम ॥३॥
भाल बिच अंगुरी फेरवे, तिलककी नाईसो धरवे
मागी करी मालाको लईके, जपत ज्ञानानंद चित्त दर्दके ॥४॥

पद-१५

परे नहि भूल सो कबहू, सहज ये ही नेम हे तबहु
पोठे करि निंद्रा भगवान, छुवत कोई आई आजान ॥१॥
चमकी जगही सुंदर श्याम, कौन पूछही पूरनकाम
हरिकी लीला बहुत अपार, कोईक गावे मति अनुसार ॥२॥
जो कोईक सिखे सुने गावे, परम भक्तिको सो पावे
लोक परलोक जहां जावे, तहां तहां सुजसको पावे ॥३॥
चरित मोहनके अविकारी, निरखी गायो में संभारी
कहत ज्ञानानंद नित देखे, जनम सुख सुफल करी लेखे ॥४॥

धनत्रयोदशी दिनांक ५-११-२०१८ सोमवार

प.पू. बड़े महाराजश्री के वरद् हस्तो से लक्ष्मीपूजन संपन्न होगा । पाँच, दस और बीस ग्राम के प्रसादी के सिक्के म्युजियम से प्राप्त होगै ।

ता. ६-११-२०१८ मंगलवार श्री हनुमानजी का पूजन

प.पू. बड़े महाराजश्री की आज्ञा से म्युजियम में प्रस्थापित प्रसादी के श्री हनुमानजीका विशेष पूजन दिनांक ६-११-२०१८ मंगलवार के रोज प्रातः ८-०० से ११-०० संपन्न होगा ।

रु।. ११००/- भरकर सपत्नी पूजा में बैठा जा सकता है ।

संपर्क : श्री स्वामिनारायण म्युजियम : ०७९-२७४८९५९७ तथा दासभाई मो. : ९९२५०४२६८६

श्री स्वामिनारायण म्युजियम मे भेट देनेवालों की नामावलि-सितम्बर-१८

रु। २१,०००/-	एक सत्संगी हरिभगत, नूतन यज्ञशाला के निमित्, ह. संदिपभाई शेठ - अहमदाबाद
रु। १५,०००/-	चंद्रिकाबेन शुक्ल - नारायणपुरा, अहमदाबाद (वर्तमानमें ओस्ट्रेलीया) - ह. हर्ष शुक्ल
रु। ७,०००/-	मौलिक घनश्यामभाई गांगाणी (सुरत) - घुडकोट पहले वेतन के निमित्ते
रु। ५,५००/-	सुधीरभाई पी. पटेल - हर्षदकोलोनी - बापुनगर - ह. दासभाई
रु। ५,१२१/-	अ.नि.प.भ. मणीलाल लक्ष्मीचंद भालजा साहब के ११६ जन्मदिन निमित्त ह. प.भ. प्रबोधझाला तथा डॉ. निकुंज आरीवाला
रु। ५,१००/-	अ.नि. मोहनलाल शंकरलाल जोषी की स्मृति में ह. वसुमती कनैयाललाल व्यास - अहमदाबाद
रु। ५,०००/-	अ.नि. पुरुषोत्तमदास जीवाभाई पटेल - उवारसद ह. अरविंदभाई पी. पटेल परिवार
रु। ५,०००/-	अ.नि. राजेन्द्रभाई नेमचंदभाई सोनी - वस्त्रापुर - ह. बी.जी सोनी परिवार

श्री स्वामिनारायण म्युजियम में श्री नरनारायण देव की मूर्ति का अभिषेक कराने वालों की नामावलि सितम्बर-१८

दि. ०२-०९-२०१८	श्री महिला मंडल स्वामिनारायण मंदिर कपडवंज - ह. सांख्ययोगी मंजुबा
	(साँय) उनावा मित्र मंडळ - ह. मनीषभाई पटेल
दि. ०४-०९-२०१८	वार्षिक पाटोत्सव निमित्त श्री स्वामिनारायण मंदिर कोलोनीया
दि. ०९-०९-२०१८	राजेशभाई परसोत्तमदास पटेल (डांगरवा निवासी) (यु.एस.ए.)
	(साँय) श्री महिला मंडल स्वामिनारायण मंदिर (हवेली - कालुपुर)
दि. १९-०९-२०१८	घनलक्ष्मी कांति हालाई तथा वनिषा कांति हालाई - लंडन

सूचना :श्री स्वामिनारायण म्युजियम में प्रति पूनम को प.पू. मोटा महाराजश्री प्रातः ११-३० को आरती उतारते हैं।

शुभ प्रसंग पर भेंट देने के योग्य अथवा व्यक्तिगत संग्रह के लिये - श्री नरनारायणदेव की प्रतिमा वाला २० ग्राम चांदी का सिक्का म्युजियम में प्राप्त होता है।

सत्संग बालवाटिका

संपादक : शास्त्री हरिकेशवदासजी (गांधीनगर)

भगवानने वरदान दिया

– शास्त्री हरिप्रियदासजी (गांधीनगर)

प्यारे बाल मित्रो ! आपने कभी एसा सोचा है कि भगवान वरदान मांगने का कहे तो क्या मांगना चाहिए । चलिए आज हम वरदान मांगने की बात करे ।

बात एसी है, स्वामिनारायण भगवानने सारंगपुर में पुष्पदोलोत्सव किया । इस प्रसंग पर रंगोत्सव पूर्ण कर महाप्रभु सभी संतो और भक्तो के साथ नदी पर स्नान करने पधारे । स्नान करने के बाद बडी सभा हुई । इस सभा में स्वामिनारायण भगवान कहते है – ''आज तो अत्यंधिक आनंद हुआ । मैं अति प्रसन्न हुं तो वरदान मांगो ।'' श्रीजी महाराज कहते है, बहनो ! पहेल आप मांगीए । बहने दो भाग में बैठी थी । पहला भाग था गुर्जरिया अर्थात् गुजरात से आई हुई बहने और दूसरा भाग था पांचालिका अर्थात् सौराष्ट्र के पश्चिम पंचाल की बहने । श्रीजी महाराज कहते है, बोलो जिसको जो चाहिए वह वरदान मांगीए ।'' सौराष्ट्र की बहनोने रुपए मांगे । रुपये मांगने के पीछे अच्छा भाव था कि यदि रुपए प्राप्त हो तो महाज आपकी, सत्संग की सेवा करेगे । इस लिए रुपए मांगे । बाद में बारी आई गुजरात की बहनो की । बहने कहती है, ''महाराज ! यह जग संपूर्ण दुःखी होता है । इसका कारण आपकी माया में बंधे रहना है । जग संपूर्ण आप की माया में लिप्त है इसलिए दुःखी होता है । गुजरात की बहने आज वरदान मांगती है । जिसका सत्संगिभूषण में वर्णन है । ऐसा ही वर्णन निष्कुलानंद स्वामीने भक्तचिंतामणि में किया है ।'' महाबलवंत माया आपकी, जिसमें लिप्त नरनारी, एसा वरदान दीजिए आप, वह माया हमको न छूए, और आपके बारे में कभी भी, मनुष्य मति में न आए, जो जो लीला आप करो, वह अलौकिक एसा ख्याल रहे ।'' हे महाराज ! जगत भर को परेशान करने वाली आपकी माया वह हमे आपकी भक्ति में, सत्संग में हानि न करे । एसी कृपा करना । हमे वह वरदान चाहिए की आपके बारे में कभी भी मनुष्य की बुद्धि में न आए । आप जो जो लीलाए करते हो वह अलौकिक है, दिव्य है । भक्त के सुख के लिए है । भक्तो के आनंद के लिए है ऐसा समझकर यह वरदान दीजिए ।

स्वामिनारायण भगवान कहते है, ''हे बहनो ! आफ सभी पर प्रसन्न हुँ । और आप दोनो भाग की बहनोने जो वरदान मांगे है वो वरदान सभी बहनो को दे रहा हूँ । मेरी माया आपको बंधन में नही रखेगी एसा यह बंधन रहित वरदान दे रहा हूँ। जो सभी बहनो को मिला । जो बैठा रहे उसका भाग बैठा रहे, जो चले उशका भाग भी चले । यह बहनोने माँगा इसलिए उन्हे मिला । इसी लिए तो कहते है कि ''माँगे बिना माँ भी नही देती ।''

मित्रो ! देखा ? कैसा अद्‌भूत वरदान गुजरात की बहनोने माँगा ! अभी बांत खत्म नही हुई । आगे पढो दूसरे वरदान की बात । श्रीजी महाराज सारंगपुर में जय जयकार कर रहे है । एसे में गढपुर से अभय राजा, दादा खाचर आदि महंत उन्हे लेजाने के लिए आए है इसी लिए महाराज जाने के लिए तैयार हुए । तब सारंगपुर के जीवा खाचर कहते है, हे महाराज ! हमें वरदान दिए बगैर जाओगे ? महाराज कहते है, बोलिए आप भी मांगो ! आपको जो वरदान चाहिए वह माँग लो । तब जीवाखाचर कहतेहै , महाराज ! मुजे तो एसा वरदान माँगना है, लेकिन कुछ संकोच हो रहा है । श्रीहरि कहते है बोलो बोलो, आपको जो वरदान माँगना हो वह वरदान माँगो और तुर्तही जीवा खाचर कहतेहै , महाराज ! मुझे तो यह वरदान चाहिए की हमारा यह सारंगपुर गाँव और सारंगपुर गाँव की सीमा अर्थात संपूर्ण जमीन पर किसी भी मनुष्य की मृत्यु हो वह आपके धाम में जाए और यम उसे लेने न आए ।

स्वामिनारायण भगवान कहते है जीवा खाचर तथास्तु ! आपको यह वरदान दिया । हमारा स्मरण करते हुए, हमारे लीलाचरित्र याद करते हुए, हमारा नाम स्मरण

करते हुए कोई भी जीव गाँव में या गाँव की जमीन पर जहाँ भी देहत्याग करेगा वह यमदूत के हाथो में नही जाएगा । महाराज एसा अद्‌भुत वरदान देकर गढपुर पधारते है।

मित्रो ! वरदान की बात पसंद आईने ? हा तो फिर आप भी सोच के रखना की भगवान वरदान मांगने का कहे तो क्या माँगना ? यद्यधिस्वामिनारायण भगवान में अटल श्रध्धा हो तो वरदान माँगने की आवश्यकता नही रहती कारण कि स्वामिनारायण भगवानने आश्रितो के सुखार्थ हमेशा के लिए सुख के वरदान दिए हुए है इसी लिए आनंद में रहकर भगवान का भजन करो और सदा सुखी रहो।

•

बगैर सौचे जल्दबाजी न करे

– नारायण वी. जानी (गांधीनगर)

महात्मा तुलसीदासजी की उक्ति है, ''दया धर्म का मूल है, पाप मूल अभिमान । तुलसी दया न छांडीए, जब लग घट में प्राण । शास्त्रो ने कहा है कि दयावान होना वह परम धर्म है। दया भाव निश्चित आवश्यक है। लेकिन पात्र-कुपात्र देखे बगैर की गई दया परेशानी खड़ी कर सकती है । आज हम यहाँ एक एसी ही बात पढेगे।

बहोत साल पुरानी यह बात है। एक छोटा गाँव था। गाँव में जनसंख्या अधिक थी । उसी में एक ब्राह्मण परिवार भी रहता था। इस ब्राह्मण की परिस्थिति सामान्य थी । यजमान वृत्ति द्वारा उपार्जित द्रव और भिक्षा से जो कुछ प्राप्त हो उससे अपने परिवार का लालन-पोषन करना । बच्चे बडे होने पर उनकी विद्याभ्यास इत्यादि के लिए अर्थ उपार्जन करना वह इस बाह्मर्ण का यक्ष प्रश्न था । उसने सोचा के मैं नजदीक के शहर में जाऊ और कुछ काम धंधा प्रारंभ करुं । उस में से जो दो पैसा प्राप्त होगे उसीसे आगे का जीवन सुखरुप गुजर सकेगा । उस समय वाहन युग नही था की जो बस स्टेशन जाकर बस में बैठकर, टिकट ले और जहाँ जाना हो वहाँ चले जाओ । उस समय तो कही भी जाना हो पेदल जाना पडता । ब्राह्मण तो चलता चलता शहर की और जाने लगा । रास्ते में एक विशाल जंगल आया।

कुछ कुछ डरते हुए वह ब्राह्मण जंगल में आगे बढता जाता है। अब वह बहोत ही थक चुका था। इसीलिए एक वृक्ष के नीचे उसने विश्राम लिया । विश्राम करने के बाद आसपास से फल और पानी द्वारा अपनी भुख प्यास शांत कर, पुनः चलना प्रारंभ करता है । ज्यो ज्यो वह ब्राह्मण जंगल में आगे बढता जाता है त्यों त्यों उसके अंदर भय बढने लगता है । एसे विद्वान जंगल में कोई जंगली जनावर आएगा तो ! मुझे खा जाएगा तो ! अदंर डर डोने के बावजूद वह धीरे धीरे ठोस कदमो से आगे बढता जा रहा था। वहाँ उसे शेर की गर्जना सुनाई दी। गर्जना सुनते ही पहले तो वह शेर नजदीक होने के डर से डर गया। बाद में उसे लगा कि शेर किसी बंधन में है और उसका डर कुछ कम हो गया।

